संक्षिप्त

स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

खैरथल, (निसं)। नागरिक अधिकार मंच द्वारा एसडीएम को पत्र लिखकर खैरथल में संभावित दुर्घटना वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष बी.एल. शर्मा ने पत्र में कहा है कि, खैरथल में हरसौली रोड़ पर तहसील कार्यालय से ज्ञानानंद आश्रम तक विकट घुमाव होने के साथ-साथ ढलान भी होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं जबकि किशनगढ़ रोड पर चालीस फुटा रोड व इस्माइलपुर रोड पर जाते आते समय भी दुर्घटनाएं होती रहती है। इन दोनों मार्गों पर उच्च कोटि के स्पीड ब्रेकर व भू रिफ्लेक्टर लग जाने से दुर्घटनाओं को होने पर अंकुश लगाया जा सकता है।

श्रीमद् भागवत कथा आज से

निवाई, (निसं)। शहर की शिवाजी कॉलोनी स्थित टीलेश्वर महादेव मंदिर में 10 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक संगीतमय का आयोजन किया जाएगा। भागत कथा में बाल व्यास पुष्प मुरारी बापू प्रवचन देगें। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर शनिवार को सुबह 9:30 बजे से राधा श्री दामोदर जी मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगा।

बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

पावटा, (निसं)। बिजली निगम द्वारा 10 दिसम्बर शनिवार को 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन में आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एईएन कपिल शर्मा ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते खेलना, बड नगर, भोनावास, मंढा, कारोली, तुलसीपुरा पावरहाउस से निकलने वाली बिजली सप्लाई मरम्मत कार्य को लेकर बाधित रहेगी।

बारातियों और छात्रों में मारपीट

टोंक, (निसं)। जिला मुख्यालय पर बरातियों और हॉस्टल के छात्रों में जमकर मारपीट हो गई, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाईश कर मामला शांत कराकर बरात को रवाना किया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात अम्बिका कॉलोनी में एक बरात गाजेबाजे से जा रही थी, इस दौरान हॉस्टल के पास कुछ बराती शराब का सेवन करने लगे तो छात्रों ने मना किया, लेकिन बराती नही माने। इस पर दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।

भारत जोड़ो यात्रा में प्रत्येक वार्ड से सौ कार्यकर्ताओं को शामिल करने का लक्ष्य

लालसोट, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री स्थानीय विधायक परसादी लाल मीणा ने लालसोट उपखंड मुख्यालय स्थित संस्कृत कॉलेज के सभा भवन में नगर कांग्रेस के शहरी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भारत जोड़ो यात्रा को ज्यादा आकर्षक

■ **चिकित्सा मंत्री ने कांग्रेस के शहरी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली**

भव्य एवं बड़ा रूप देकर हमेशा के लिए यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर राय ली। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा शहरी क्षेत्र नगरपालिका के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से प्रत्येक वार्ड से कम से कम सौ कार्यकर्ताओं को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। मंत्री मीणा ने कहा कि, यात्रा में शामिल होने वाले लोग 15 दिसंबर को सुबह सात बजे से पहले ही यात्रा गुजरने से पूर्व सड़क पर पूरे अनुशासन के साथ एकत्र हो जाएं। साथ ही भारत जोड़ो यात्रा के गुजरने वाले रूट पर सजावट एवं आकर्षकता को लेकर भी आवश्यक विचार विमर्श किया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारियों द्वारा स्तर पर सजावट के खर्च की जिम्मेदारी भी व्यक्तिगत ली गई। इस बैठक को चेयरमैन रक्षा में एवं स्वास्थ्य शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं खादी ग्रामाद्योग समिति के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन पीसीसी सदस्य दिनेश मिश्र, नगर अध्यक्ष राजेंद्र पाखला आदि द्वारा भी संबोधित किया गया।

भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी बैठक के दौरान नगर पालिका लालसोट की वाइस चेयरमैन संतोष स्वामी, पार्षद जीतु बडाया, सद्दाम हुसैन, विजय गुर्जर, कपिल पुरोहित, एलम जैन, रामफूल सैनी, घनश्याम ठेकेदार, कोर्डिनेटर विधानसभा इरफान खान, सिराज मोहम्मद, विष्णु साहु, अंकित, कमलेश सैनी, सुनील शर्मा, रोहित पंसारी, कमल दत्त सैनी, एडवोकेट सूरज सैनी, विनोद जांगिड़, शाहिद खान, राजू, सोनू, पदम, फड़कल्या, गिर्राज सैनी, कंछला सहित कई नगरपालिका पार्षद कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर संस्कृत कॉलेज सभा भवन में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राय ली।

संत भवन का शिलान्यास किया

फागी, (निसं)। उपखंड मुख्यालय के दूदू रोड पर स्थित त्रिमूर्ति जैन मंदिर के पास सकल दिगम्बर जैन समाज के जन सहयोग से करीब 11 लाख रूपए की लागत से बनाए जाने वाले आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी की पावन प्रेरणा से पंडित केलास चंद कडीला वालों के दिशानिर्देश में विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से संत भवन का भव्य शिलान्यास समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा तथा समाज के राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त संत भवन बनने से यहां पर आचार्या, आर्यिकाओं, मुनि सघों के आहार विहार में ठहरने हेतु आ रही परेशानियों की समस्या से निजात मिलेगी, यहां पर साधु संतों के लिए विश्राम हेतु मुख्य रास्ते पर विश्राम स्थली बनने से मुनि संघ धर्म साधना एवं आध्यात्मिक साधना कर सकेंगे। उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के निर्वतमान अध्यक्ष रामस्वरूप मंडावरा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, नवरत्न कठमाणा, पदम बजाज, सुरेंद्र पंसारी, माणक कासलीवाल, कमलेश मंडावरा, विकास नला, मुकेश कलवाडा, पंकज कासलीवाल, तथा त्रिलोक पीपलू सहित काफी गणमान्यजन उपस्थित थे।

शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह

खैरथल, (निसं)। एचडीएफसी बैंक की स्थानीय शाखा की ओर से शुक्रवार को लगाए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बैंक के शाखा प्रबंधक रुपेश गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का आयोजन इस बार इंड्स एवं वी-प्यूर संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में मातोर रोड अग्रसेन चौक स्थित बैंक के समीप जीवनधारा ब्लड बैंक अलवर की मेडिकल टीम द्वारा किया गया।

कार्यालय नगर पालिका लालसोट जिला दौसा (राज.)

क्रमांक-न.पा.ला./2022/419-420 दिनांक-9/12/2022

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका लालसोट द्वारा श्री प्रहलाद पुरोहित पुत्र श्री सालगराम पुरोहित निवासी गंगापुर रोड, लालसोट को खसरा नं.1403 में पट्टा संख्या 181 दिनांक 08.02.2002 के द्वारा 174.56 वर्गगज आवासीय पट्टा जारी किया गया था। इसके पश्चात उक्त भूखण्ड में से 90.50 व.ग. भूखण्ड पारिवारिक समझौता पत्र द्वारा श्री मनोहर लाल पुरोहित पुत्र श्री प्रहलाद पुरोहित के हक/हिस्से में आना बताया गया है। इसके पश्चात श्री प्रहलाद पुरोहित की मृत्यु दिनांक 12.07.2008 को हो जाने के पश्चात श्री मनोहर लाल पुरोहित पुत्र श्री प्रहलाद निवासी पुरोहित तिबारा, लालसोट के द्वारा अपने हिस्से का नामान्तरण खुलवाने हेतु कार्यालय में पत्रावली प्राप्त हुई है।

इसलिये किसी भी संस्था/व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में मय सबूत के साथ के साथ प्रस्तुत करें। सूचित रहें।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका लालसोट

कार्यालय नगर पालिका लालसोट जिला दौसा (राज.)

क्रमांक-न.पा.ला./2022/417-418 दिनांक-9/12/2022

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका लालसोट द्वारा श्री प्रहलाद पुरोहित पुत्र श्री सालगराम पुरोहित निवासी गंगापुर रोड, लालसोट को खसरा नं.1403 में पट्टा संख्या 181 दिनांक 08.02.2002 के द्वारा 174.56 वर्गगज आवासीय पट्टा जारी किया गया था। इसके पश्चात उक्त भूखण्ड में से 15.58 व.ग. भूखण्ड पारिवारिक समझौता पत्र द्वारा श्री मोहन लाल पुरोहित पुत्र श्री प्रहलाद पुरोहित के हक/हिस्से में आना बताया गया है। इसके पश्चात श्री प्रहलाद पुरोहित की मृत्यु दिनांक 12.07.2008 को हो जाने के पश्चात श्री मोहन लाल पुरोहित पुत्र श्री प्रहलाद निवासी पुरोहित तिबारा, लालसोट के द्वारा अपने हिस्से का नामान्तरण खुलवाने हेतु कार्यालय में पत्रावली प्राप्त हुई है।

इसलिये किसी भी संस्था/व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में मय सबूत के साथ के साथ प्रस्तुत करें। सूचित रहें।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका लालसोट

कांग्रेस सरकार की नीतियों पर बरसे भाजपा नेता

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा की जन आक्रोश रैली नांगल भीम ग्राम पंचायत से शुरू होकर हांसपुर, कोटडी सीमारला, होल्याकाबास होती हुई पृथ्वीपुरा पहुंची।

जनाक्रोश रैली विधानसभा प्रभारी डॉ. सुमन कुलहरी के नेतृत्व तथा पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा के मुख्यातिथि में निकाली जा रही है। पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि, प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार के कुशासन से तंग आ चुके है। कर्ज माफी के लिए लोग आज भी इंतजार कर रहे है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में किसानों से कर्ज माफी की घोषणा की थी, लेकिन लगभग 4 साल का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी प्रदेश के लगभग 60 लाख किसान 120 करोड़ रुपए के कर्ज माफी का इंतजार कर रहे है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है।

उन्होंने कहा कि जन आक्रोश रैली के दौरान ऐसे पीड़ित लोगों से मुलाकात हो रही है। वे हमें आपबीती बता रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार की ऐसी नीति के कारण गरीब व असहाय लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उनकी आवाज व पीड़ा को दबाया जा रहा है। इससे कांग्रेस सरकार में असहाय लोगों का जीना दुभर हो रहा है। जन आक्रोश रैली के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हरि नारायण मंहत, अजीतगढ़ पंचायत समिति प्रधान शंकर लाल यादव, सत्यनारायण खांडल, पार्षद श्रवण लाल आचार्य, रोशन बिजारणिया, रविन्द्र ओसवाल, हांसपुर पूर्व सरपंच मोहनलाल सैनी, नांगल भीम सरपंच महेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही शहर में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमाधोपुर विधानसभा जन आक्रोश रैली प्रभारी डॉ सुमन कुलहरी ने गढ़वाल ने जनाक्रोश यात्रा को सफल बनाने के लिए श्रीमाधोपुर नगर पालिका क्षेत्र में शहर वासियों से जनसंपर्क कर यात्रा में आने का न्योता दिया। इस दौरान शहर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने डॉ सुमन का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर भारी उत्साह के साथ स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर पूजा शर्मा, सुनीता देवी, भावना कुमावत, मंजू शर्मा, शांति देवी, ललिता देवी, शुभम शर्मा, मुकेश शर्मा, दिलीप शेखावत, प्रवीण वर्मा, नवल फुलका सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

भाजपा की जन आक्रोश रैली नांगल भीम ग्राम पंचायत से शुरू होकर हांसपुर, कोटडी सीमारला, होल्याकाबास होती हुई पृथ्वीपुरा पहुंची।

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT MUNDRU PS-SRIMADHOPUR (SIKAR)

No.Eproc/2022-23/654-59 Date:9.12.2022

E-Tender Notice No. 01/2022-23

Bids for open tender of procurement Of Construction Material for Work in Other Scheme in Gram Panchayat MUNDRU Panchayat Samiti. Srimadhopur (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, 6.00 PM of 17-12-2022. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http:// eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat MUNDRU Office in all working days.

UBN No. SMD2223GLRC00333

SARPANCH GRAM PANCHAYAT MUNDRU PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT MUNDRU PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR

MUNICIPAL BOARD AJEETGARH DISTRICT SIKAR

No.M.B/AJEETGARH/2022-23/165 Date: 09/12/2022

PUBLIC NOTICE

The licensee **Jio Digital Fibre Private limited** has submitted application in the office granting permission for laying of unederground OFC on the land or location mentioned below:

Detail of location (Name of village.city.ward No.street name road name etc.	Detail of Plot No./Building/ land/Structure	length in Meters
Ward No.13, Jagish Pole Bazar, Village & Post Ajeetgarh, Tehsil, shrimadhopur, Distrit Sikar	From Ramesh Kumar Goyal S/o Choudmal Goyal, Kasara No. 1621/0.14 In Front of Post Office Ajeetgarh Dist.Sikar To TMH, Smt Shanti Devi Ward No.-13 Jagdish Ploe Bazar, Village & Pos Ajeetgarh, Tehsil, shrimadhopur, Distrit Sikar	1363

Therefore it is hereby informed to all concerned that if, anybody has any objection or suggestion on grating permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/building/location above. he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/suggestion with above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Executive office Municipal Board Ajeetgarh

जन आक्रोश यात्रा का स्वागत

निवाई, (निसं)। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा का गांव जामडोली, बहड, बस्सी, सिरस, नटवाडा, पहाड़ी, खण्डवा व रजवास में जगह-जगह स्वागत किया गया। साथ ही जगह-जगह चौपाल आयोजित की गई।

यात्रा जिला संयोजक व पूर्व एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंदेल ने चौपाल को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि, कांग्रेस सरकार के पिछले चार साल में अपराध व भ्रष्टाचार बढ़ा ही है कम होने का नाम नहीं ले रहा। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी ने पिछले चुनाव में कहा था कि, राजस्थान में सरकार बनते ही दस दिन में किसानों का सम्पूर्ण कर्ज माफ कर देंगे। जबकि आज तक किसानों का एक रुपया भी कर्ज माफ नहीं हुआ है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दयाराम चौधरी, सह संयोजक रमाकांत शर्मा, जिला कार्यालय व मॉनिटरिंग प्रभारी रतनदीप गुर्जर, पूर्व देहात अध्यक्ष शिवदयाल गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

नगरपालिका और सांभर साल्ट के बीच विवाद

सांभरझील, (निसं)। यहां डिप्टी ऑफिस के आगे नरायणा रोड पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज खसरा नंबर 450 रकबा 1.94 हेक्टेयर भूमि पर सांभर साल्ट विभाग द्वारा कथित रूप से करीब 100 साल पुराना स्वामित्व मानते हुए खाली पड़ी भूमि के चारों ओर दीवार बनाने का काम शुरू कर दिए जाने के बाद नगरपालिका और सांभर साल्ट के बीच भूमि स्वामित्व को लेकर विवाद काफी गहरा गया।

नगरपालिका को जब जानकारी मिली की साल्ट विभाग द्वारा उनकी भूमि पर चारदीवारी काम शुरू किया जा रहा है तो पालिका का स्टाफ मय जेसीबी को लेकर मौके पर तोड़ने पहुंचा। जेसीबी की मदद से दीवार के कुछ हिस्से को ढहा दिया गया, इसी बीच सांभर साल्ट के अधिकारी, कर्मचारी भी मौके पर आ गए और उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया और निर्माण को तोड़ने से बचाने

■ **सरकारी रिकॉर्ड में पालिका के नाम दर्ज भूमि पर साल्ट विभाग बता रहा है 100 साल से कब्जा**

के लिए दीवार के आगे खड़े हो गए। मजबूरन नगर पालिका को पुलिस जाब्ता बुलाना पड़ा। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर ऑफिस में बैठकर दस्तावेज व रिकॉर्ड के आधार पर मामला सुल्टाने के निर्देश दिए। इस मामले में पालिका प्रशासन का कहना है कि उक्त भूमि राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम से दर्ज है जबकि सांभर साल्ट विभाग मौखिक तौर पर इसे अपनी बताकर हड़पना चाहता है। उधर सांभर साल्ट विभाग का कहना है कि यह भूमि उनके अधीन है जिस पर करीब 100 साल से अधिक उनका कब्जा है।

सुंदरकांड पाठ कर विरोध जताया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। न्यायालय परिसर श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को न्यायिक कर्मचारियों ने सुंदरकांड का पाठ कर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।

न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की 10 नवंबर को हुई संदिग्ध मौत के मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर श्रीमाधोपुर कोर्ट परिसर में न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक कार्य बहिष्कार 10 वें दिन भी जारी रहा। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि कैलाश चंद सामोता ने बताया कि कर्मचारी सुभाष मेहरा की संदिग्ध मौत के मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने के विरोध में राज्य की समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के साथ श्रीमाधोपुर न्यायालय में भी कार्य बहिष्कार जारी है। सामोता ने बताया कि उनकी मांगों में सुभाष मेहरा की एफआई आर दर्ज हो, सीबीआई से मामले की निष्पक्ष जांच हो, पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए सहित 6 सूत्रीय मांगे हैं।

स्वास्थ्य मेले में 598 मरीजों ने जांच करवाकर दवाईयां ली

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। चौमू उपखण्ड के ग्राम कालाडेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को स्वास्थ्य मेले के अंतर्गत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप प्रभारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉक्टर के. सी. चोपड़ा ने बताया कि कैंप में 598 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवा कर दवाईयां लेकर लाभ लिया। कैंप में डॉ. अशोक ददरवाल, डॉ. मीनल यादव, डॉ. दशरथ मीणा, डॉ. सुनीता चौधरी, डॉ. राजेंद्र कुमावत, डॉ. रवि कुमावत, डॉ. सरदार सिंह यादव, डॉ. सत्यनारायण यादव, डॉ. महेन्द्र यादव, डॉ. मनोज शर्मा सहित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य मेले में स्त्री रोगों के मरीज, आंखों के मरीज, चर्म रोग के मरीज, मौसमी बीमारियों के मरीज, कान नाक गला के मरीज, दांतों के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। मरीजों की निशुल्क जांच भी की गई सभी मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी दी गई व आंखों के 10 मोतियाबिंद के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। मुख्यमंत्री चिरंजीव योजना, आयुष्मान भारत योजना, जेएसवाई योजना इत्यादि योजनाओं के बारे में आने वाले मरीजों को मोटिवेट भी किया गया और विस्तार से राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में विस्तार से मरीजों को समझाया गया। कैंप में प्रकाश दायमा, धीरज हटवाल, मधुबाला, दीपिका नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दी।

साथ ही कैंप में श्रवण कुमार शर्मा, योगेंद्र मीणा की टीम ने मुख्यमंत्री जांच योजना के तहत सभी मरीजों की जांच की गई। कैंप में कालाडेरा, जयसिंहपुरा, टाकरडा पंचायत क्षेत्र के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया साथ ही सेक्टर की सभी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशाओं ने कैंप में बीमार मरीजों को लेकर आई।

कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच की।

कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID : lalsot.jaipur@yahoo.com, Ph-01431-260714

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2022/6232 दिनांक-09/12/2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी का नाम	वर्गगज	प्रयोजन
1	ओमप्रकाश सैनी पुत्र हजारी लाल सैनी लालसोट	18/8 नया 21/8 माधव नगर सीतारामपुरा चक नंबर 3	150	आवासीय
2	सीताराम सैनी पुत्र दुर्गा लाल सैनी लालसोट	उपरोक्त	150	आवासीय
3	संजय कुमार पुत्र सत्यनारायण शर्मा लालसोट	उपरोक्त	150	आवासीय
4	संजय कुमार पुत्र सत्यनारायण शर्मा लालसोट	उपरोक्त	87.5	आवासीय
5	खंडेलवाल समाज लालसोट जरी वर्तमान अध्यक्ष बनवारी लाल पुत्र मोतीलाल गुप्ता लालसोट	678/1 लाहड का कुंआ लालसोट	120.65	आवासीय
6	दसकरण मीणा पुत्र कल्याण सहाय मीणा चौडियावास	402/36, 403/36, 404/36, 405/36 यशोदा नगर लालसोट	177.77	आवासीय
7	शिमला बाई मीना पत्नी महेंद्र कुमार मीणा इन्दावा	उपरोक्त	177.77	आवासीय
8	सीताराम गुप्ता पुत्र मोतीलाल गुप्ता बिलोना कलां	1362 पहलाद नगर लालसोट	33.33	आवासीय
9	ज्योति देवी पत्नी मुकेश शर्मा खेमावास	13/4 मोडल्या कॉलोनी सालगरामपुरा चंक नंबर 6	313.88	आवासीय
10	विजेंद्र शर्मा पुत्र रामजीलाल शर्मा लालसोट	उपरोक्त	313.88	आवासीय
11	रमेश चंद सैनी पुत्र रेवडमल सैनी लालसोट	575 श्याम नगर कॉलोनी कस्बा लालसोट	103.28	आवासीय
12	रमेश चंद मीणा पुत्र बजरंग लाल मीणा बिलोना कलां	1426 लक्ष्मी विहार लालसोट	154	आवासीय
13	कमलेश कुमार सोनी बद्री चंद सोनी बिछोछ	487,488,498,499,500,1272 गणपति नगर लालसोट	145	आवासीय
14	ममता शर्मा पत्नी शिवराम शर्मा बामनवास	1393 पहलाद नगर लालसोट	100	आवासीय
15	शांति देवी पत्नी घनश्याम शर्मा रिवाली	398,399,400 दादू नगर लालसोट	133.33	आवासीय
16	मनोहर लाल पुत्र पहलाद पुरोहित लालसोट	1403 प्रहलाद नगर लालसोट	34.18	आवासीय
17	सुशीला मीना पत्नी चंद्रभान मीना बरनाला	4209/436 जगदंबा कॉलोनी के पास लालसोट	160	आवासीय
18	ओमप्रकाश शर्मा पुत्र प्रहलाद शर्मा लालसोट	2031 गंगा जमुना कालोनी लालसोट	175.54	व्यवसाय
19	पपीता देवी पत्नी रामरस मीणा चैनपुरा	15/6 लक्ष्मी विहार सालगरामपूरा चक नंबर 6	81.22	आवासीय
20	प्रेम प्रकाशपुत्र गणपत लाल खंडेलवाल मंडावरी	178 गंगापुर रोड राजोली	108.25	आवासीय

ऊक्त आपत्ति आज दिनांक 9.12.2022 को मेर हस्ताक्षर से जारी किया।

(रक्षा मिश्रा)
अध्यक्ष
नगर पालिका लालसोट

(सीमा चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट